चिंतपूर्णी के पास पंजाब नंबर की गाड़ी से पकड़े नकली नोट, 3 आरोपी गिरफ्तार - Fake Notes Caught In Una

चिंतपूर्णी: हिमाचल प्रदेश में अंतिम चरण में 1 जून को लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं. वहीं, चुनावों के दौरान अकसर नशा तस्कर, शराब माफिया और नकली नोटों के सौदागर सक्रिय हो जाते हैं. जिस पर नकेल कसने के लिए पुलिस एक्शन मोड में काम कर रही है. इसी कड़ी में ऊना जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी के पास थनिकपुरा गांव में एक गाड़ी से नकली करेंसी बरामद हुई है. ऊना पुलिस ने पंजाब नंबर की एक गाड़ी में से करीब 42 हजार 400 की नकली करेंसी बरामद करने में सफलता हासिल की है.

तीन आरोपी गिरफ्तार

ऊना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी में तीन लोग सवार थे. जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस ने करेंसी को अपने कब्जे में लेने के साथ-साथ गाड़ी को भी जब्त कर लिया है. बरामद की गई नकली करेंसी के नोटों की डिटेल भी बनाई जा रही है. देशभर में चल रहे चुनावी माहौल के बीच इस तरह नकली नोटों का बरामद होना अपने आप में बड़े सवाल पैदा कर रहा है. लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग के दिशा निर्देश पर गठित की गई फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा नाकाबंदी करते हुए सभी गाड़ियों की जांच की जा रही थी. इसी दौरान पंजाब नंबर की एक गाड़ी नाके की ओर आई. जिसे पुलिस ने जांच के लिए रुकने का इशारा किया.

जांच में जुटी पुलिस

जांच के दौरान फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने गाड़ी में से कुछ करेंसी बरामद की. आरंभिक जांच में अधिकारियों ने इन सभी नोटों को नकली पाया. टीम ने तुरंत गाड़ी में सवार तीनों लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया, जबकि नजदीकी पुलिस थाने में भी घटना की सूचना दी गई. जिसके बाद तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई. पकड़े गए तीनों व्यक्ति कहां के रहने वाले हैं, इसको लेकर अभी खुलासा नहीं किया गया है. मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने की है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/fake-notes-caught-from-punjab-number-vehicle-near-chintpurni-una-hps24050201083